# INDIAN SCHOOL SOHAR

No. of printed pages -4

## PERIODIC TEST -2 (2017-18)

**दिनांक : 26 -9-2017** | **विषय : हिन्दी (पाठ्यक्रम ब)** | **पूर्णांक : 80**

**कक्षा : 10** | **समय : 3 घंटे**

**सामान्य निर्देश : 1 इस प्रश्न पत्र में कुल 4 खंड - ‘ क ’, ख , ग और घ हैं।**
**2 इस प्रश्नपत्र में कुल 17 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**
**3 यथासंभव प्रश्नों के उपभागों के उत्तर क्रम से लिखिए ।**
**4 उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न संख्या अवश्य लिखें।**

## (खंड- क) अपठित बोध

**प्रश्न- 1 निम्न गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**

परिश्रम को सफलता की कुंजी माना गया है। जीवन में सफलता पुरुषार्थ से ही प्राप्त होती है। कहा भी है-उद्योगी पुरुष सिंह को लक्ष्मी वरण करती है। जो भाग्यवादी हैं उन्हें कुछ नहीं मिलता। वे हाथ-पर-हाथ धरे रह जाते हैं। अवसर उनके सामने से निकल जाता है। भाग्य कठिन परिश्रम का ही दूसरा नाम है। प्रकृति को ही देखिए। सारे जड़–चेतन अपने कार्य में लगे रहते हैं। चींटी को भी पल-भर चैन नहीं। मधुमक्खी जाने कितनी लंबी यात्रा कर बूँद-बूँद मधु जुटाती है। मुरगे को सुबह बाँग लगानी ही है। फिर मनुष्य को बुद्धि मिली है, विवेक मिला है। वह निठल्ला बैठे तो सफलता की कामना करना व्यर्थ है। विश्व में जो देश आगे बढ़े हैं, उनकी सफलता का रहस्य कठिन परिश्रम ही है। जापान को दूसरे विश्व युद्ध में मिट्टी में मिला दिया गया था। उसकी अर्थव्यवस्था छिन्न–भिन्न हो गई थी। दिन–रात जी–तोड़ श्रम करके वह पुनः विश्व का प्रमुख औद्योगिक देश बन गया। चीन को शोषण से मुक्ति भारत से देर में मिली, वह भी श्रम के बल पर आज भारत से आगे निकल गया है। जर्मनी ने भी युद्ध की विभीषिकाएँ झेलीं, पर श्रम के बल पर सँभल गया। परिश्रम का महत्त्व वे जानते हैं जो स्वयं अपने बल पर आगे बढ़े हैं। संसार के अनेक महापुरुष परिश्रम के प्रमाण हैं। कालिदास, तुलसी, टैगोर और गोर्की परिश्रम से ही अमर हुए। संसार के इतिहास में अनेक चमकते सितारे केवल परिश्रम के ही प्रमाण हैं। बड़े–बड़े धन कुबेर निरंतर श्रम से ही असीम संपत्ति के स्वामी बने हैं। फोर्ड साधारण मैकेनिक था। धीरू भाई अंबानी शिक्षक थे। लगन और दृढ़–संकल्प परिश्रम को सार्थक बना देते हैं। गरीबी के साथ परिश्रम जुड़ जाए तो सफलता मिलती है और अमीरी के साथ श्रमहीनता या निठल्लापन आ जाये तो असफलता मुँह बाए खड़ी रहती है।किसी क्षेत्र में हम पिछड़े हैं तो उसका कारण है, वहाँ परिश्रम का अभाव। विद्यार्थी जीवन तो परिश्रम की पहली पाठशाला है। यहाँ से परिश्रम की आदत पड़ जाए तो ठीक, अन्यथा जाने कहाँ–कहाँ की ठोकरें खानी पड़ें।

प्रश्न–i भाग्यवादी और परिश्रमी व्यक्ति में क्या अन्तर है ? 2

प्रश्न–ii परिश्रम के सन्दर्भ में प्रकृति से कौन–कौन से उदाहरण प्रस्तुत किए गए हैं ? 2

प्रश्न–iii परिश्रम के बल पर कौन–कौन से देश किस प्रकार आगे बढ़ गए हैं ? 2

प्रश्न–iv परिश्रम के बल पर उन्नति के प्रमाण किन महापुरुषों के दिए गए हैं ? 2

प्रश्न–v उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए। 1

**P.T.O.**

**प्रश्न- 2 निम्न काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**

हैं जनम लेते जगह में एक ही,
एक ही पौधा उन्हें है पालता।
रात में उन पर चमकता चाँद भी,
एक ही सी चाँदनी है डालता।

छेद कर काँटा किसी की उँगलियाँ,
फाड़ देता है किसी का वर वसन।
प्यार डूबी तितलियों के पर कतर,
भौंर का है बेध देता श्याम तन।

फूल लेकर तितलियों को गोद में,
भौंर को अपना अनूठा रस पिला।
निज सुगंधों का निराले ढंग से,
है सदा देता कली जी की खिला।

है खटकता एक सबकी आँख में,
दूसरा है सोहता सुर–सीस पर।
किस तरह कुल की बड़ाई काम दे,
जो किसी में हो बड़प्पन की कसर।

प्रश्न क) प्रकृति सभी के साथ एक समान व्यवहार करती है, कैसे ? 2

प्रश्न ख) काँटे और फूल के माध्यम से कवि ने क्या संदेश दिया है ? 2

प्रश्न ग) उपर्युक्त पंक्तियों में कुल-गोत्र अथवा अपने चरित्र और स्वभांव में कवि ने किसे अधिक महत्व दिया है एवं किस प्रकार ? 2

## (खंड- ख) (व्यावहारिक व्याकरण)

**प्रश्न- 3** (क) रिक्त स्थानों में उचित शब्द भरिए। 1

i) शब्द के ______ रूप को पद कहते हैं।

ii) वर्णो का सार्थक समूह ______ कहलाता है।

(ख) रेखांकित का पद भेद लिखिए - माधव घर <u>क्यों</u> जाएगा ? 1

**प्रश्न- 4** (क) निम्न समासों का विग्रह करके भेद लिखिए : 2

दीर्घबाहु , पूर्वोत्तर

(ख) समस्त पद बनाकर भेद लिखिए : 2

आँखों के सामने , सात सौ दोहों का समूह

**प्रश्न- 5** (अ) आश्रित उपवाक्य छाँटकर उसका भेद लिखिए : 1

यदि तुम परिश्रम करोगे , तो कक्षा में प्रथम आ जाओगे।

(ब) वाक्य परिवर्तन कीजिए : 2

**1** घायल मज़दूर काम करने चला गया । (मिश्र वाक्य में )

**2** सूर्यास्त हुआ और पक्षी घोंसले में सोने चला गया। (सरल वाक्य में )

**प्रश्न- 6** निम्न वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए । 4

क) भारत गुलामी की दासता से मुक्त हुआ ।

ख) सुधा, मनीष और मालविका पढ़ रही थीं।

ग) उसने अपना हस्ताक्षर बना दिया।

घ) मैं एक अनुवाद किया हूँ।

**प्रश्न- 7** (क) उपयुक्त मुहावरे का प्रयोग करके खाली स्थान भरो :

महेश की पड़ोसिन ने इतनी जली कटी बातें सुनाईं कि उसके हो गए। 1

(ख) दिए गए मुहावरे का वाक्य में प्रयोग कीजिए : 1

फूटी आँख न सुहाना

## (खंड- ग) ( पाठ्य –पुस्तक )

**प्रश्न- 8** (क) लेखक के मन में क्या कुटिल भावना आई? बड़े भाई साहब पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए। 1

(ख) सुभाष बाबू के जुलूस में स्त्री समाज की क्या भूमिका थी ? 2

(ग) शैलेंद्र के गीतों की क्या विशेषताएँ हैं? अपने शब्दों में लिखिए। 2

**प्रश्न- 9** ततँारा वामीरो पाठ के आधार पर ततँारा का चरित्र–चित्रण कीजिए। 5

**प्रश्न- 10** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

(क) 'ईश्वर कण–कण में व्याप्त है, पर हम उसे देख नहीं पाते।' साखी के संदर्भ में स्पष्ट कीजिए। 2

(ख) बिहारी कवि ने सभी की उपस्थिति में भी कैसे बात की जा सकती है, इसका वर्णन किस प्रकार किया है? अपने शब्दों में लिखिए। 2

**P.T.O.**

(ग) मीराबाई ने श्रीकृष्ण के रूप सौन्दर्य का वर्णन किस प्रकार किया है ? मीरा के दूसरे पद के आधार पर स्पष्ट कीजिए। 1

**प्रश्न- 11** कवि ने उदार व्यक्ति की क्या विशेषताएँ बताई हैं ?दधीचि, कर्ण आदि के उदाहरणों से कवि क्या स्पष्ट करना चाहता है ? **5**

**प्रश्न- 12** हरिहर काका के जीवन से हमें क्या प्रेरणा मिलती है पाठ के आधार पर इस संबंध में अपने विचार प्रकट कीजिए।

अथवा

समाज में रिश्तों की क्या अहमियत है? इस विषय पर अपने विचार प्रकट कीजिए। 5

## (खंड- घ) (लेखन )

**प्रश्न- 13** निम्न में से किसी एक विषय पर **80** से **100** शब्दों में अनुच्छेद लिखिए : **5**

(क) विज्ञान के बढ़ते चरण
- (i) विज्ञान के बढ़ते चरण : एक शुभ संकेत
- (ii) बढ़ती वैज्ञानिक प्रगति एक चुनौती
- (ii) संतुलन आवश्यक

(ख) बढ़ती जनसंख्या का भयावह रूप
- (i) जनसंख्या एक समस्या
- (ii) परिणाम
- (iii) कारण और समाधन

**प्रश्न- 14** बैंक की चैकबुक खो जाने के सूचनार्थ बैंक–प्रबंधक को पत्र लिखिए। **5**

अथवा

किसी दैनिक समाचार पत्र के संपादक को अपने शहर की बसों की बिगड़ती हालत और कुव्यवस्था पर पत्र लिखिए।

**प्रश्न- 15** नागरिक सेवा समिति के अध्यक्ष द्वारा सूचना जारी कीजिए जिसमें समिति के सभागार में रक्तदान शिविर के आयोजन की जानकारी दी गई हो। **5**

**प्रश्न- 16** एक डॉक्टर बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में ड्यूटी करने के बाद घर आया है ।उस डॉक्टर तथा उसके पिता के बीच हुई बातचीत को संवाद के रूप में प्रस्तुत कीजिए। **5**

**प्रश्न- 17** आप अपनी साइकिल बेचना चाहते हैं अत: साइकिल की बिक्री से संबंधित विज्ञापन तैयार कीजिए । **5**

**समाप्त**